**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 09.07.2025 (दोपहर–1455 बजे)**

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज रांची पहुंच रहे हैं। वे कल होने वाली पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

बैठक में झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री और अधिकारी भाग लेंगे। इस दौरान सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक भारी मालवाहक वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा, जबकि छोटे मालवाहक वाहनों का संचालन सुबह 8 बजे से 11 बजे और शाम 4 बजे से रात 7 बजे तक प्रतिबंधित किया गया है।

********************

नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में गुमला पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जे.जे.एम.पी. के पूर्व एरिया कमांडर प्रवीण एक्का समेत दो उग्रवादियों को अवैध हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक हारिस बिन ज़मा ने बताया कि डुमरी थाना क्षेत्र के तांती जंगल में इनकी मौजूदगी की सूचना पर विशेष छापामारी दल का गठन कर इन्हें पकड़ा गया। गिरफ्तार नक्सलियों के पास से हथियार और कारतूस भी बरामद किये गये हैं।

********************

श्रमिक संगठनों के भारत बंद का झारखंड में मिलाजुला असर देखने को मिल रहा है। राजधानी रांची में भी हड़ताल समर्थक प्रदर्शन कर रहे हैं। कई राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी प्रदर्शन में शामिल हैं। श्रमिक नेता चार नये लेबर कानून को वापस लेने की मांग कर रहे हैं जबकि केन्द्रीय कर्मी पुरानी पेंशन योजना लागू करने का दबाव बना रहे हैं।

उधर, गोड्डा जिले के ललमटिया कोयला खदान में संयुक्त ट्रेड यूनियन के बैनर तले प्रदर्शन किया जा रहा है। बंदी में एटक ,सीटू ,एचएमएस ,जनता मजदूर संघ शामिल हैं। बंद के कारण राजमहल कोल परियोजना में उत्पादन और डिस्पैच प्रभावित हुआ है। उधर, सरायकेला–खरसांवा जिले में भी बंद समर्थक सड़क पर उतर कर प्रदर्शन कर रहे हैं।

********************

पाकुड़ जिले में खपड़ाजोला से घोड़ा पहाड़ी गांव तक आवागमन की व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग को लेकर मालपहाड़ी रेलवे लाइन को ग्रामीणों ने अवरुद्ध कर दिया है। ग्रामीण द्वारा रेल लाइन अवरुद्ध करने की वजह से माल पहाड़ी से मालगाड़ी के जरिए पत्थरों की ढुलाई पूरी तरह ठप हो गई है। प्रदर्शन का नेतृत्व भाजपा नेता मंगल हांसदा कर रहे हैं।

********************

********************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आज दिल्ली में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान श्री मरांडी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली। मरांडी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि हम सभी उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। ईश्वर उन्हें शीघ्र स्वास्थ्य प्रदान करें ताकि उनका सान्निध्य हमें पुनः प्राप्त हो।

********************

पलामू जिले के 57 वें सिविल सर्जन के रूप में डॉ अनिल श्रीवास्तव ने आज कार्यभार संभाला। उन्होंने डॉक्टर अनिल कुमार से पदभार ग्रहण किया। मौके पर डॉ अनिल श्रीवास्तव ने पत्रकारों को अपनी प्राथमिकता बतायी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को सुगम बनाने के लिए वे हर संभव प्रयास करेंगे और कमियों को दूर किया जायेगा।

********************

धनबाद में आने वाले चुनाव को और अधिक प्रभावी बनाने की पहल शुरु की गयी है। इसके लिए बीएलओ और सुपरवाइजरों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

********************

राज्य पर्यटन निदेशालय द्वारा जारी वार्षिक रिपोर्ट सर्वेक्षण के अनुसार पर्यटन के क्षेत्र में राज्य ने अभूतपूर्व प्रगति दर्ज की है। रिपोर्ट के अनुसार विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने में चतरा जिला अग्रणी रहा है। जिले में मई 2024 से अप्रैल 2025 के दौरान 1 हजार 157 विदेशी पर्यटक आये जो झारखण्ड के किसी भी अन्य जिले की तुलना में सबसे अधिक है।

*************